हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 15 जून 2025

तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

13 फैमिली कोर्ट में बढ़ते मामलों पर जताई चिंता




14 प्रतिबंधित दवाएं और अवैध शराब की खेप बरामद



## खबर संक्षेप

### महिला के बैंक खाते से नकदी निकली, केस दर्ज

**रोहतक।** मानसरोवर कॉलोनी में एक महिला के खाते से 19950 रुपये कट गए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना थाना प्रभारी को पुलिस ने दी शिकायत में पायल भाटिया ने बताया कि वह मानसरोवर कॉलोनी की रहने वाली है। मेरा खाता कोटक महिंद्रा बैंक में है। 31 मई और 1 जून को 19 950 रुपये कट गए। मैंने बैंक में जाकर पता किया तो बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद 3 जून को मेरे खाते में पैसे वापस आ गए। इसके बाद 10 जून को यही रकम दोबारा से मेरे खाते से कट गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

### धोखाधड़ी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 28 हजार रुपये की ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि 11 जून को कबूलपुर निवासी रिंकू की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 9 जून को रिंकू के पास मनी इंवस्टेमेंट प्लान के लिए मैसेज आया। युवक ने रुपये डबल करने का लालच देते हुए स्कैनर भेज दिया। रिंकू को रुपये दुगने का लालच देकर कुल 28 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जांच के दौरान 13 जून को हितेश निवासी शिवाजी कॉलोनी, राजस्थान व विशाल निवासी खणदेवत रोड जिला राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।

नशीले पदार्थ सहित दो युवकों को किया काबू

### चरस की खेप के साथ दो युवक गिरफ्तार, केस



**रोहतक।** पुलिस ने दो युवको को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। एएनसी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गांव किलोई के पास से दो युवको को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान अजय उर्फ जहरी व मोहित निवासी भालौठ के रुप में हुई। युवकों के पास से 1 किलो 147 ग्राम चरस बरामद हुई है। युवकों के खिलाफ थाना सदर में केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### चिन्योट कॉलोनी में महिला ने फंदा लगाया



**रोहतक।** चिन्योट कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही एक अधेड़ महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को भी बुलाया गया। मृतका की पहचान गांव बलियाना निवासी शीला के रूप में हुई। मृतका के पति राजकुमार ने बताया कि उसकी पत्नी शीला मानसिक रूप से बीमार थी और पिछले करीब 10 साल से किराए पर चिन्योट कॉलोनी में रहती थी। आत्महत्या करने के पीछे क्या कारण रहा, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। शीला के पति राजकुमार ने बताया कि करीब 10 साल पहले उसी पत्नी घर छोड़कर किराए पर रहने लगी थी।

## बिजली/पानी का संकट : भीषण गर्मी में बार-बार लग रहे कट, पेयजल के लिए पानी-पानी हो रहे लोग

# गर्मी चरम पर, पारा 42 के पार पहुंचा, हांफने लगे ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गर्मी का मौसम चरम की तरफ बढ़ने लगा है और पारा 42 के पार पहुंच गया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली के अघोषित कटों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। हर रोज 4 घंटे तक बिजली कट लगने लगे हैं जबकि आगामी दिनों में इनकी संख्या और अधिक होने का अनुमान है। पिछले लगभग 6 दिनों से तापमान में उछाल आया है और पारा 42 डिग्री सेल्सियस से आगे जा चुका है। गर्मी से बेहाल लोगों की परेशानियां बिजली निगम भी बढ़ा रहा है। लगभग एक सप्ताह पहले से बिजली के अघोषित कट भी लगने शुरू हो गए हैं जिनसे लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि एक तो गर्मी में वैसे ही परेशानी रहती है और उस पर बिजली निगम के अघोषित कट उनकी परेशानियों को और बढ़ा देते हैं। बिजली कटों का समय भी तय नहीं है। दिन में किसी भी समय कट लग जाता है। कई बार तो एक दिन में दो बार तक बिजली कट लग जाते है।

- कई जगह ट्रांसफार्मर गर्म होकर फट गए
- शहर में हर रोज चार घंटे तक के कट लग रहे

लोगों का यह भी कहना है कि रात के समय बिजली की जरूरत अधिक होती है लेकिन अधिकतर कट रात के समय ही लग रहे हैं ऐसे में बड़े तो हाथ के पंखों का सहारा लेकर कुछ राहत पा लेते है लेकिन छोटे बच्चों का बुरा हाल हो जाता है।

बिजली निगम के लिए उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराना चुनौती बन गया है। गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर फेल हो रहे हैं और ब्रेकडाउन हो रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती से आम जनता बुरी तरह परेशान है। जिले का बिजली लोड बढ़ रहा है। दोपहर के समय ट्रांसफार्मरों पर लोड चरम पर होता है, जिससे कई स्थानों पर तकनीकी खराबी के चलते ट्रांसफार्मर फेल हो जाते हैं। इस कारण कई इलाकों में घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप रहती है।



### उपभोक्ता नहीं बढ़वा रहे अपने मीटर का लोड

सिटी डिविजन के अंतर्गत सब डिवीजन नंबर एक में सनसिटी सेक्टर-35, हिसार रोड, गढ़ी मोहल्ला, अंबेडकर नगर, माता दरवाजा के पास, सब डिवीजन नंबर दो में अमृत कॉलोनी, श्रीराम नगर, शुगर मिल कॉलोनी, झज्जर रोड, आनंद नगर, न्यू विजय नगर, शीतल नगर, जनता कॉलोनी, विजय नगर, हरी सिंह कॉलोनी, सब डिवीजन नंबर तीन में सैनिक कॉलोनी, सनसिटी सेक्टर 36 ए, सुखपुरा चौक, राजेंद्र नगर, बैंक कॉलोनी, सूर्य नगर, आजादगढ़, सेक्टर एक, दो, तीन व 14 में लोड नहीं बढ़वा रहे हैं।

### तेल ज्यादा गर्म होने के कारण ब्लास्ट हो सकता है ट्रांसफार्मर

शहर में लगे 12 सौ ट्रांसफार्मर व फीडरों का तेल आजकल 50 डिग्री सेल्सियस पर उबल रहा है। इनमें से कई तो ऐसे हैं जो 70 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो जाते हैं। जिनको उसी समय बंद करना पड़ता है। यदि ट्रांसफार्मरों का तेल इससे ज्यादा गर्म हो जाए तो ट्रांसफार्मर के ब्लॉस्ट होने तक का अंदेशा है, जिससे ट्रांसफार्मर के आसपास रहने वाले कर्मचारियों को भी नुकसान हो सकता है। ऐसे में यदि हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। भीषण गर्मी में कई अन्य तरह की समस्याएं आ रही है।

### आज भी लगेंगे कट

बिजली निगम की टीम द्वारा सुबह 7 से 10 बजे तक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान महिला आश्रम रोड, रामलीला ग्राउंड, मेडिकल मोड, संजय कॉलोनी, रूप विहार, दिल्ली रोड, जवाहर नगर, प्रेम चौक, कुछ गांधी कैम्प मार्किट, को-ऑपरेटिव बैंक के पास का क्षेत्र, गोहाना रेलवे लाइन से दो भाई भोजनालय तक, दिल्ली रोड, डीएलएफ पार्क के पास व अशोका चौक के पास के एरिया की बिजली बाधित रहेगी।

### मरम्मत के लिए टीमें तैनात



जिले में बिजली की मांग बहुत अधिक बढ़ गई है, लेकिन हर स्तर पर आपूर्ति बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। ट्रांसफार्मर बदलने और मरम्मत के लिए टीमें तैनात हैं। गर्मी के मौसम में थोड़ी परेशानी हो रही है।
**-बिजेंद्र नरवाल**, एसई, बिजली निगम

### बिजली कट से बढ़ी पानी की किल्लत

ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या गंभीर होती जा रही है। अघोषित कटौती से न केवल गर्मी झेलनी पड़ रही है, बल्कि पानी की किल्लत भी बढ़ गई है। खासकर सुबह और दोपहर के समय, जब बिजली की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, तभी आपूर्ति बाधित हो रही है। वहीं बिजली निगम की ओर से निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर की क्षमता से अधिक लोड के कारण बार-बार ब्रेकडाउन हो रहा है। मरम्मत कार्य में भी देरी हो रही है।

# नहर आने के बाद भी पानी को तरसे, टैंकरों के भरोसे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नहरों में पानी छोड़े जाने और 2500 क्यूसेक जल प्रवाह के बावजूद शहर की कई कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट बरकरार है। हालात यह हैं कि शहरी क्षेत्र की सल्लारा मोहल्ला, बड़ा बाजार, कबीर कॉलोनी, बंसत विहार कॉलोनी, शास्त्री नगर, रैनकपुरा जैसी कॉलोनियों में आज भी टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। गर्मी के इस भीषण दौर में लोगों को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। शहर निवासी जयपाल, आदर्श, ओमबीर, शौकिन, नीरज समेत अन्य लोगों का कहना है कि नहर जैसे टेल एंड क्षेत्रों में पानी की समस्या और भी गंभीर है। विभाग का दावा है कि दो समय पेयजल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे इतर है। नागरिकों का कहना है कि उन्हें चार-चार दिन तक इंतजार करने के बाद पानी मिल रहा है और वह भी अपर्याप्त मात्रा में। कई परिवारों को तो गर्मी में तपती धूप में दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। हालात यह हैं कि हर दिन पेयजल को लेकर अस्थायी इंतजाम करने पड़ रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- जेएलएन नहर में पहुंच चुका है 2500 क्यूसेक से ज्यादा पानी
- शहर की कई कॉलोनियों में संकट गहराया

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी संकट

सिर्फ शहरी नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई गांवों में भी पानी चार दिन में एक बार पहुंच रहा है। गांवों में जहां नहर आधारित जलापूर्ति पर निर्भरता अधिक है, वहां हालात और चिंताजनक हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक की समय पानी आता है, वह भी बहुत कम मात्रा में।



### पानी न आने की शिकायत

शहर की डेयरी मोहल्ला, सल्लारा मोहल्ला, पटेल नगर, चिन्योट कॉलोनी, पाड़ा मोहल्ला, अशोक नगर, साईदास कॉलोनी, राम गोपाल कॉलोनी, रैनकपुरा, शौरा कोठी, आर्य नगर, शिवाजी कॉलोनी, आंबेडकर कॉलोनी, बोहर गांव, बलियाणा गांव समेत अन्य एरिया में यह शिकायत बनी हुई है।

### जल्द नई लाइन बिछाई जाएगी

अब 40 किलोमीटर तक की नई लाइन डालने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने वाली है। जल्द लाइन बिछाई जाएगी। अलग से इसका नक्शा भी तैयार किया जाने लग रहा है। जहां जहां पानी की दिक्कतें चल रही है सभी शिकायतों को दुरूस्त किया जाएगा। तब तक वहां पर टेंकर के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा है।
**-अनिल कुमार**, एसडीओ, जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

### बच्चे भी हो रहे बेहाल



### प्रशासन की उदासीनता पर उठ रहे सवाल

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का कहना है कि जल विभाग और प्रशासन की उदासीनता के कारण यह स्थिति बनी हुई है। गर्मियों में हर वर्ष यही हालात सामने आते हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं खोजा गया है। नागरिकों ने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाए ताकि लोगों को जल संकट से राहत मिल सके। साथ ही, टेल एंड क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। वहीं शहर के ज्यादातर एरिया में दूषित पेयजल की सप्लाई से लोगों को ज्यादा परेशानी करनी पड़ रही है। गंदे पानी की वजय से लोगों के घरों की टूटिंया तक खराब होने लगी है। ऐसे में लोगों का कहना है कि विभाग हमें पानी ही न दे तो अच्छा है। कम से कम खराब पानी तो न आए। ज्यादातर एरिया में लाइन खराब पड़ी हुई है। कुछ जगह टूटी हुई है। जिसके कारण यह सब समस्या बनी हुई है। जब तक लाइन नहीं बदली जाएगी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी।

## चांदी में तीन युवकों से मारपीट

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चांदी में चार अज्ञात लोगों ने तीन युवकों का अगवा कर स्कॉर्पियो गाड़ी में डाल लिया और उनके साथ लाठी डंडों के साथ मारपीट की। इस संबंध में लाखन माजरा पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में चांदी गांव निवासी कपिल पुत्र सुरजभान ने बताया कि कल 13 जून को रात करीब 10 बजे वह और उसके साथ उसके ही गांव के स्वर्ण पुत्र राजेंद्र व नरेंद्र पुत्र रत्न सिंह चांदी रजवाहे के पुल पर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो में 5-6 लोग सवार होकर आए, जिनमें से दो तीन लड़कों के हाथ में पिस्तौल था। उनके पास आते ही वे कहने लगे कि वे शराब ठेकेदार हैं और उनको बताया कि उनमें से अवैध शराब कौन बेचता है। उन्होंने जवाब दिया कि इस बारे में उनको नहीं पता कि अवैध शराब कौन बेचता है। उसके बाद उन्होंने पिस्तोल की नोक पर उनको गाड़ी में डाल लिया और लाठी डंडों से खूब पीटा। उसके बाद वे चिड़ी गांव की ओर लड़कियों के सरकारी स्कूल की ओर छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी लेकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## थार में आए हथियारबंद लोगों ने फॉर्च्यूनर चालक पर हमला बोला

**रोहतक।** सेक्टर-36 के पास एक थार सवार हथियारों से लैस होकर आए लोगों ने एक फॉरच्यूनर गाड़ी के ड्राइवर से मारपीट की। मारपीट के दौरान युवक बेहोश हो गया। वहीं आरोपियों ने उसकी फॉरच्यूनर गाड़ी को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- मारपीट के बाद युवक अचेत होकर गिरा, वाहन क्षतिग्रस्त

गांव बालंद हॉल वन सिटी निवासी अमन ने बताया कि वह बैट्री रिसाइक्लिंग का काम करता है। उसका करीब 6 माह पहले गांव बालंद के ही नरेंद्र, बिजेंद्र और आजाद के साथ बिजनेस को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने का प्रयास किया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अमन ने बताया कि वह रोजाना की तरह छोटूराम स्टेडियम में सुबह व्यायाम करने जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया। जब उसने गाड़ी को झाड़ियों की तरफ मोड़ दिया तो गाड़ी गड्ढे में रुक गई। उसने उतरकर भागने का प्रयास किया, लेकिन थार सवार करीब 7-8 आरोपी पिस्तौल और बेस बॉल के डंडे लेकर उसके पीछे दौड़े और पकड़कर मारपीट करते हुए बेहोश कर दिया। अमन ने बताया कि आरोपियों ने उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से हमला किया था। मारपीट के दौरान उसके हाथ और पैर में फ्रेक्चर हुआ है। आरोपियों ने अपने चेहरे ढक रखे थे, जिनमें से केवल एक आरोपी का चेहरा ढका हुआ नहीं था। वह उसे देखने के बाद पहचान सकता है। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

### आठ के खिलाफ केस दर्ज

एक व्यक्ति के साथ मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल की शिकायत पर 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है।
**विक्रम सिंह**, एसआई, थाना अर्बन एस्टेट

# निडाना में ढुकाव के दौरान बारातियों के साथ मारपीट, 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

निडाना गांव में बारातियों के साथ मारपीट के मामले में बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में भराण गांव निवासी जोगेंद्र सिंह पुत्र आनंद सिंह ने बताया कि उसके जींद जिले के बीबीपुर गांव से उसके भांजे सुरेंद्र पुत्र राजेश की शादी थी। बारात निडाना गांव में आई हुई थी। पहले तो शादी समारोह ठीक चल रहा था। गांव की चौपाल से फेरे की रस्म के लिए दुल्हे को लेकर बाराती नाचते गाते हुए दुल्हन के घर की ओर जा रहे थे। जिस ट्रैक्टर पर दुल्हा बैठा हुआ था, उस ट्रैक्टर को निडाना गांव निवासी नरेंद्र पुत्र पिरथी चला रहा था। उसने बारातियों से कहा कि जल्दी जल्दी नाच गाना खत्म करो। उसने ट्रैक्टर से नीचे उतरकर बारातियों को धमकी दी कि जल्दी ढुकाव के लिए चलो वरना वह गोली मार देगा। जब बारात दुल्हन के घर पर पहुंची तो वहां पर विशाल व कार्तिक और उनकी मां सुमन थे। कार्तिक व विशाल निडाना गांव के भांजे हैं जो काफी समय से इस गांव में ही रह रहे हैं।

- ईंट फेंककर मारने का आरोप
- गोली मारने की धमकी

### नाचते-गाते दुल्हन के घर की ओर जा रहे थे बाराती, जल्दी नहीं पहुंचे तो कर दिया हमला

उन्होंने बारातियों को फेरों पर जाने से रोक दिया। दुल्हे के पिता को भी अंदर नहीं जाने दिया। उन्होंने बारातियों से गाली गलौच करते हुए डंडों से वार करने की कोशिश की। पास खड़े लोगों ने उनको पकड़कर घर की ओर भेज दिया।

### लाठी डंडे भी चले

जोगेंद्र ने बताया कि उसके ही गांव के उसके दोस्त दीपक पुत्र राज सिंह को भी दाहिने हाथ पर चोट लगी है। उसके दोस्त मोखरा गांव निवासी सुरेश पुत्र कुलदीप के पेट में चोट लगी है और भराण के अंकित पुत्र राज सिंह को लाठी डंडे लगे हैं। हमलावरों से उनकी कोई दुश्मनी नहीं थी। हमलावरों का मकसद शादी को बिगाड़ना था। वे चिल्ला चिल्लाकर गोली मारने की धमकी दे रहे थे। हमले में घायल हुए जोगेंद्र सिंह ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।


आरोप

### महिला बोली, बाराती बिना पिटे नहीं जाने चाहिए

शिकायतकर्ता जोगेंद्र का कहना है कि कुछ देर बाद वह पांच सात दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए टैंट में गए। वहां पर विशाल, कार्तिक और उनकी मां सुनील फिर से आ गए। सुनील ने अपने बेटों से कहा कि बारात बिना पिटे हुए यहां से नहीं जानी चाहिए, चाहे इनको गोली मारनी पड़े। कुछ देर बाद गांव के अन्य लड़के साहिल, शुभम, नीरज, अमन, प्रिंस और तीन चार अन्य लड़के बाहर के भी आ गए। विशाल व कार्तिक ईंट लिए हुए थे। उन्होंने ईंट फेंककर मारी। वह ईंट उसकी दाहिनी आंख के नीचे लगी, जिस वजह से वह वहां पर गिर गया। नरेंद्र गोली मारने की धमकी दे रहा था।

### पुलिस ने इनके खिलाफ केस दर्ज किया

बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपित नरेंद्र, विशाल, कार्तिक, कार्तिक की मां सुनील, साहिल, शुभम, नीरज, अमन, प्रिंस भांजा और अन्य तीन चार अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।



*इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले निवेशकों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि शॉर्ट टर्म की बजाय लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट पर फोकस करें, लेकिन क्या यह सलाह आंकड़ों पर भी खरी उतरती है? इसका जवाब है हां। देश के पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के पिछले 1 साल, 3 साल और 5 साल के प्रदर्शन के आंकड़े इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि समय के साथ निवेश पर मिलने वाला रिटर्न बेहतर होता है। लार्ज कैप फंड्स एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन निवेशकों के लिए जो कम जोखिम वाले और नियमित रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं। लार्ज कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ये कंपनियां आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं और उनके पास एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड होता है।*

# मुनाफे का मंत्र : पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के आंकड़ों ने निवेशकों को चौंकाया

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

## एक साल से बेहतर 3 साल और 5 साल का रिटर्न

इन पांचों फंड्स के पिछले 1 साल के रिटर्न की तुलना में 3 साल और 5 साल का रिटर्न बेहतर रहा है। इसे और अच्छी तरह समझने के लिए पहले इन फंड्स के पिछले प्रदर्शन के आंकड़ों को देख लेते हैं। हमने यहां जिन 5 लार्ज कैप फंड्स के 1 साल, 3 साल और 5 साल के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं, वे एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के हिसाब से अपनी कैटेगरी में टॉप पर हैं. तुलना में आसानी के लिए इन सभी फंड्स को बड़े से छोटे एयूएम हिसाब से लिस्ट किया गया है, एनुअल रिटर्न के हिसाब से नहीं। इस लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआईसीआई प्रू और निप्पॉन इंडिया जैसे फंड हाउस की लार्ज कैप स्कीम शामिल हैं।

> एसआईपी के जरिये करें निवेश, 19 वर्ष में हो जाएंगे करोड़पति
> ●
> एसआईपी में हर साल करीब 15% का रिटर्न मिलने की संभावना

## पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

1. आईसीआईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न : 9.73%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.87%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 24.71%
   - एयूएम : 70,909 करोड़ रुपये
2. एसबीआई ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 9.28%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 18.74%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 22.52%
   - एयूएम: 52,994 करोड़ रुपये
3. निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 10.02%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 25.14%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 27.69%
   - एयूएम : 42,863 करोड़ रुपये
4. मिराए एसेट लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 11.11%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 17.01%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.28%
   - **एयूएम : 40,204 करोड़ रुपये**
5. एचडीएफसी लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 6.34%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 20.19%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 23.88%
   - एयूएम : 38,297 करोड़ रुपये




## रिटर्न के आंकड़ों का संकेत

ऊपर दिए आंकड़ों आंकड़ों से एक बात स्पष्ट होती है—इन सभी स्कीम्स का सालाना रिटर्न निवेश की अवधि के साथ-साथ बढ़ा है। इन फंड्स का 1 साल का रिटर्न 6.34 फीसदी से 11.11 फीसदी के बीच है। इक्विटी में निवेश पर लिए जाने वाले रिस्क को ध्यान में रखकर देखें तो इस रिटर्न को बहुत आकर्षक नहीं माना जाएगा। लेकिन इन्हीं फंड्स के 3 साल के एनुअल रिटर्न के आंकड़े 17 फीसदी से 25 फीसदी तक जाते हैं। वहीं, 5 साल के आंकड़ों में यह सालाना रिटर्न 21 फीसदी से 27 फीसदी तक चला गया है। कुल मिलाकर 1 साल, 3 साल और 5 साल के औसत सालाना रिटर्न के आंकड़े यही संकेत दे रहे हैं कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लंबी अवधि का निवेश बेहतर रिटर्न दे सकता है।

## शॉर्ट टर्म से क्यों बेहतर है लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी

शॉर्ट टर्म इनवेस्टमेंट में निवेशक जल्दी रिटर्न की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसमें मार्केट टाइमिंग का रिस्क ज्यादा होता है। वहीं, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जो धीरे-धीरे निवेश को बड़ा बनाता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई निवेशक 5 साल तक एसआईपी करता है, तो उसे एवरेजिंग की वजह से लॉन्ग टर्म में बेहतर रिटर्न की मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार की अस्थिरता सामान्य बात है. एक-दो साल में बाजार गिर भी सकता है और रिटर्न नेगेटिव या कम हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में कंपनियों की ग्रोथ और बाजार की रिकवरी से निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहतर हो जाता है। इसीलिए 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के लिए निवेश करने पर रिटर्न में स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती है।

## लार्ज कैप फंड्स की विशेषताएं

- बड़ी कंपनियों में निवेश : लार्ज कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं।
- स्थिरता : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर अधिक स्थिर होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।

## लार्ज कैप फंड्स के फायदे

- कम जोखिम : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर कम जोखिम वाले होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।
- विविधीकरण : लार्ज कैप फंड्स पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकते हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में फिर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

■ सबसे बड़े फंड्स ने 1 साल में दिया 33 से 35% तक रिटर्न ■ तीन साल की अवधि में एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है ■ गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही ■ 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया




गोल्ड ईटीएफ यानी गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में एक बार फिर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। मई 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला है, जबकि इससे पहले मार्च और अप्रैल में यह कैटेगरी लगातार दो महीने तक आउटफ्लो झेल रही थी। बीते एक साल में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 33% तक का रिटर्न दिया है, वहीं तीन साल की अवधि में इनका एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है। यह परफॉर्मेंस बताता है कि बाजार में उथल-पुथल के बीच निवेशकों को गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही है।

पैसे की बात

बिजनेस डेस्क

## क्यों लौटने लगा निवेशकों का रुझान

मार्च में 77.21 करोड़ और अप्रैल में 5.82 करोड़ रुपये का नेट आउटफ्लो दर्ज करने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसकी प्रमुख वजह रही गोल्ड की कीमतों में मजबूती और ग्लोबल लेवल पर आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता। मई में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 1.10% रिटर्न दिया, जिसमें टाटा गोल्ड ईटीएफ 2.53% के रिटर्न के साथ टॉप पर रहा। यह संकेत है कि निवेशक अब फिर से गोल्ड को एक सुरक्षित एसेट के रूप में प्राथमिकता देने लगे हैं।

## टॉप गोल्ड ईटीएफ फंड्स का पिछला प्रदर्शन

देश के प्रमुख गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के पिछले प्रदर्शन को देखने से पता चलता है कि सोने जैसे सुरक्षित एसेट में निवेश करके भी इन्होंने 1 और 3 साल में काफी आकर्षक रिटर्न दिए हैं। हमने इस लिस्ट में सिर्फ उन टॉप गोल्ड ईटीएफ को शामिल किया है, जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कम से कम 1000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है.

| ईटीएफ का नाम | 1 साल का रिटर्न | 3साल का रिटर्न |
|---|---|---|
| - यूटीआई गोल्ड ईटीएफ | 35.25% | 22.87% |
| - एयूएम : 1,943 करोड़ रुपये | | |
| - एक्सिस गोल्ड ईटीएफ | 33.99% | 22.29% |
| - एयूएम : 1,809 करोड़ रुपये | | |
| - आईसीआईसीआईसीआई प्रूडेंटल गोल्ड ईटीएफ | 33.91% | 22.31% |
| - एयूएम : | 7,694 करोड़ रुपये | |
| - आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ | 33.83% | 22.23% |
| - एयूएम : 1,163 करोड़ रुपये | | |
| - कोटक गोल्ड ईटीएफ : | 33.74% | 22.23% |
| - एयूएम : 7,639 करोड़ रुपये | | |
| - एसबीआई गोल्ड ईटीएफ : | 33.66% | 22.10% |
| - एयूएम : 8,132 करोड़ रुपये | | |
| - निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड बीईईएस : | 33.52% | 22.08% |
| - एयूएम : 21,120 करोड़ रुपये | | |
| - एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ : | 33.38% | 22.21% |
| - एयूएम : 10,093 करोड़ रुपये | | |

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा निवेश

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल लेवल पर भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश 170% की सालाना वृद्धि के साथ 552 टन तक पहुंच गया। पिछले तीन सालों में यह सबसे बड़ी तिमाही डिमांड रही। इसका श्रेय ट्रेड टेंशन, जियोपॉलिटिकल अस्थिरता और गोल्ड प्राइस में तेजी को दिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड-बैक्ड ईटीएफ की होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3445 टन तक पहुंच गई हैं।

## निवेश रणनीति में गोल्ड ईटीएफ की अहमियत

गोल्ड ईटीएफ को निवेश पोर्टफोलियो में एक बैलेंस बनाने वाले एसेट के रूप में देखा जाता है। यह न सिर्फ पोर्टफोलियो को ज्यादा सुरक्षित बनाता है, बल्कि बाजार की अस्थिरता के समय स्टेबल रिटर्न भी देता है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट की जरूरत होती है और इनकी हर यूनिट फिजिकल गोल्ड की एक तय क्वांटिटी (आमतौर पर 1 ग्राम) से जुड़ी होती है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की वापसी और पिछले रिटर्न के आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बाजार में अस्थिरता के समय गोल्ड एक भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। चाहे वह घरेलू निवेशक हों या अंतरराष्ट्रीय संस्थान, सबके लिए गोल्ड एक महत्वपूर्ण एसेट क्लास बना हुआ है।

## गोल्ड ईटीएफ की विशेषताएं

- सोने की कीमतों के साथ जुड़ावः गोल्ड ईटीएफ की कीमतें सोने की कीमतों के साथ जुड़ी होती हैं।
- एक्सचेंज पर कारोबारः गोल्ड ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं और इनमें निवेश करने के लिए आप शेयर बाजार में कारोबार कर सकते हैं।
- निवेश की सुविधाः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना आसान है और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

## गोल्ड ईटीएफ के फायदे

- सोने की कीमतों में भागीदारीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरणः गोल्ड ईटीएफ पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकता है।
- लिक्विडिटीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना लिक्विड है और आप आसानी से अपने निवेश को बेच सकते हैं।

## बच्चे की हायर एजुकेशन की नहीं होगी टेंशन

# रोजाना 70 रुपये बचा बनाएं लाखों का फंड

समझदारी


बिजनेस डेस्क

**पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन आप न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख सालाना करें निवेश**

शादी के बाद अधिकतर कपल्स के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाएं? मौजूदा दौर में एजुकेशन बहुत महंगी होती जा रही है। स्कूल फीस से लेकर यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबें और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज तक, हर चीज में मोटा खर्च आता है। ऐसे में अगर आप अभी से सही प्लानिंग करें, तो भविष्य की टेंशन से बचा जा सकता है। पोस्ट ऑफिस की एक खास स्कीम आपकी इसी चिंता को दूर कर सकती है। इसमें निवेश कर आप बच्चों की एजुकेशन के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं। अगर आप बच्चों की हायर एजुकेशन के लिए एक सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न वाला निवेश विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इस स्कीम में सिर्फ 70 रुपये रोजाना यानी 2,100 महीने की बचत से आप 15 साल में एक अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

## क्या है पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है, जिसमें आप न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना निवेश कर सकते हैं। इस पर सरकार की तरफ से सालाना 7.1% ब्याज दिया जाता है और मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का होता है।



### 70 रुपये रोजाना बचत से कैसे मिलेगा 6.78 लाख

अगर आप हर दिन 70 रुपये बचाकर हर महीने पीपीएफ अकाउंट में 2,100 रुपये जमा करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश 25,200 रुपये होगा। इस तरह 15 साल में आप 3.75 लाख रुपये का निवेश करेंगे। ब्याज मिलाकर 15 साल बाद आपको 6,78,035 रुपये मिल सकते हैं।

**बच्चों की पढ़ाई का खर्च होगा आसान :** 15 साल बाद यही रकम आपके बच्चों की हायर एजुकेशन, कॉलेज फीस या अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। यह स्कीम खासतौर पर उन पैरेंट्स के लिए फायदेमंद है जो कम बजट में भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश चाहते हैं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ खाता क्या है

पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम एक भरोसेमंद निवेश विकल्प है, जो लंबे समय के लिए रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 15 साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ खाता खोलना होता है। यानी, खाता खोलने के बाद 15 साल तक इसे बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि, 7वें साल से कुछ शर्तों के साथ आंशिक निकासी की अनुमति मिलती है। इस स्कीम की सबसे बड़ी खासियत इसका आकर्षक ब्याज दर और टैक्स में छूट है। आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत इसमें निवेश करने पर टैक्स लाभ मिलता है। इसके अलावा, निवेशक को लोन सुविधा, खाता 5-5 साल की अवधि में आगे बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर क्या है?

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर एक आसान ऑनलाइन टूल है, जो सेकेंडों में जटिल गणनाएं कर देता है। इस कैलकुलेटर की मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि निश्चित समयावधि और निवेश की आवृत्ति के आधार पर आपको हर साल कितना रिटर्न मिलेगा और कुल परिपक्वता राशि कितनी होगी।

### कैलकुलेटर कैसे इस्तेमाल करें?

- हर साल आप कितनी राशि जमा करेंगे, उसे दर्ज करें।
- ब्याज दर और निवेश की अवधि डालें।
- कैलकुलेटर अपने-आप अनुमानित ब्याज और मैच्योरिटी अमाउंट दिखा देगा।
- इस तरह यह कैलकुलेटर यह तय करने में मदद करता है कि आपने जो निवेश चुना है, वह आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप है या नहीं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर के फायदे

- सेकेंडों में रिजल्ट
- निवेश और ब्याज का सालाना विश्लेषण
- टैक्स प्लानिंग में मदद
- वित्तीय योजना बनाने में सहायक



करोड़पति बनने का भी शॉर्टकट

# मात्र 10,000 का निवेश कर देगा मालामाल

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनने में कितना समय लगता है? यह ऐसा सवाल है जिसे अक्सर काफी लोग पूछते हैं। देखा जाए तो करोड़पति बनना बहुत आसान है, लेकिन इसके लिए कई तरह के त्याग करने की जरूरत पड़ती है। वैसे तो किसी भी चीज का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन अगर आप करोड़पति बनने का सोच लें, तो इसका शॉर्टकट जरूर निकल आता है। हालांकि यह शॉर्टकट इतना भी शॉर्ट नहीं है। आप मात्र 10 हजार रुपये हर महीने इन्वेस्ट करके बहुत जल्दी करोड़पति बन सकते हैं। दरअसल, एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबे समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं। अगर आपको हर साल लगभग 15% का रिटर्न मिले, तो आप मात्र 19 साल में 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम इकट्ठी कर सकते हैं।



## कैसे बन सकते हैं करोड़पति?

एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का तरीका है। इसके जरिए आप थोड़ी-थोड़ी रकम हर महीने निवेश करके बड़ा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज इस निवेश की सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर आप एसआईपी के जरिए 10 हजार रुपये हर महीने म्यूचुअल फंड में निवेश करने हैं और आपको 15 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है तो मात्र 19 साल में ही आप एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। 10 हजार रुपये हर महीने निवेश करने से आप 19 साल में 22,80,000 रकम निवेश करेंगे। इस पर आपको 91,47,124 रुपये का ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 15 फीसदी सालाना की दर से होगा। इस प्रकार आप 19 साल में 1.14 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। यानी आप 19 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



## अगर 10 हजार रुपये से कम करें तो?

अगर आप 10 हजार रुपये महीने निवेश नहीं कर सकते तो भी आपको करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप कम रकम निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कुछ ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। अगर आप 10 की जगह 8 हजार रुपये या 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। अगर आप 8 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आपको करोड़पति बनने में 20 साल लगेंगे। वहीं अगर आप 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आप 23 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



## एसआईपी क्यों है फायदे का सौदा?




एसआईपी वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। इससे लोगों को रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने जैसे लक्ष्यों के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा अलग रखने में आसानी होती है। इसका एक और बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। कंपाउंडिंग का मतलब है कि आपको अपने निवेश पर जो रिटर्न मिलता है, उस पर भी रिटर्न मिलता है। इससे समय के साथ आपकी संपत्ति तेजी से बढ़ती है। निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, कंपाउंडिंग का असर उतना ही ज्यादा होगा।

## करोड़पति बनने के लिए रणनीतियां

- नियमित निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- विविधीकरणः अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की सिक्योरिटीज में विभाजित करने से आपको जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।
- लंबी अवधि का दृष्टिकोणः लंबी अवधि के लिए निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय अनुशासनः वित्तीय अनुशासन बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- शिक्षा और ज्ञानः वित्तीय शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने से आपको अपने वित्तीय निर्णयों को निर्देशित करने में मदद मिल सकती है।




## करोड़पति बनने के लिए कुछ आदतें

- बचतः नियमित बचत करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय योजनाः वित्तीय योजना बनाने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- जोखिम प्रबंधनः जोखिम प्रबंधन करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- धैर्यः धैर्य बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- करोड़पति बनने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन सही रणनीतियों और आदतों को अपनाकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। पीजीआईएमएस थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को बसंत विहार जींद निवासी हेमंत की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 2 सितंबर 2024 को दीपेश अपनी मोटरसाइकिल को एमडीयू हॉस्टल के पास खड़ी कर चला गया। 2 अक्टूबर 2024 को हेमंत वापिस आया तो उसे अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 12 जून को योगेश निवासी किशनगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

### मां की याद में किया पौधरोपण

**रोहतक।** महावीर जैन पार्क में राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय परमार द्वारा नीम, पीपल अर्जुन, बेल पत्थर, बरगद आदि का पौधरोपण किया। वे अपनी मां की याद में पौधरोपण का अभियान चलाते हैं। इस अवसर पर पौधरोपण अभियान से जुड़े जगदीश पंडित, जसबीर कुमार, नरेश खत्री,धर्म सिंह प्रजापति, राज किरण बेदी, भारत भाटिया, विजय , गगन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आज से जेजेपी चलाएगी सदस्यता अभियान

**रोहतक।** जेजेपी जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा ने कहा कि 15 जून से 31 जुलाई तक हरियाणा प्रदेश मे जेजेपी सदस्यता अभियान चलाएगी और संगठन व पार्टी को मजबूत करने का काम करेगी। कार्यालय में सदस्यता अभियान बारे 15 जून को सुबह 11 बजे मीटिंग होगी। मीटिंग मे सदस्यता अभियान के जिला जिला प्रभारी पूर्व विधायक राजदीप फौगाट एवं सुमित राणा मुख्यातिथि एवं मुख्य वक्ता मौजूद रहेंगे।
जेजेपी जिला प्रवक्ता एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि सदस्यता अभियान जिला स्तर और हल्का स्तर पर चलाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक जेजेपी कार्यकर्ता अपनी - अपनी जिम्मेवारी समझकर इस अभियान को सफल बनाने का काम करेगा।

### समर कैंप में रोलर स्केटिंग चलाना सिखाया

**रोहतक।** जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह व जिला बाल कल्याण अधिकारी सोम दत्त खुंडिया के मार्गदर्शन में बाल भवन में चल रहे समर कैंप में बच्चों को बहुआयामी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोलर स्केटिंग में बच्चे वर्ग के प्रतिभागी प्रतिदिन शाम के सत्र में कोच महाबीर सिंह सैनी से स्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। बच्चे न केवल स्केटिंग की तकनीक सीख रहे हैं, बल्कि हर दिन अभ्यास में पसीना बहाकर अपनी शारीरिक क्षमता, आत्मविश्वास और संतुलन को भी मजबूत कर रहे हैं। साझा अभ्यास के दौरान बच्चों में मनोरंजन के साथ-साथ आपसी तालमेल और सहयोग की भावना भी विकसित हो रही है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। बाल भवन द्वारा आयोजित यह समर कैंप बच्चों के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक मंच बनकर उभरा है।



### सीवर का पानी गलियों में भरने से लोग परेशान

**रोहतक।** इंदिरा कॉलोनी की गलियों में सीवर का पानी जमा होने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी अब लोगों के घरों में भी घुसने लगा है। इसके बारे में पार्षद से लेकर मेयर तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। इंद्रा कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम ठप पड़ा है। यहां बरसाती नाले भी ओवरफ्लो हो चुके है। गली में गंदा पानी भरने की वजह से लोगों का गली से निकलना भी मुश्किल हो गया है। गंदगी के कारण लोग अब बीमार भी होने लगे है, लेकिन प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।

## विकास कार्यों में पार्क ,गली, शमशान भूमि सभी के लिए की व्यवस्था

# विधायक बत्तरा ने वैंगी स्कीम के तहत 124.66 लाख के कार्य करवाए मंजूर

रोहतक विधानसभा के विकास लिए निरंतर कार्यरत, जल्द कार्य शुरू होंगे : बत्तरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्तरा ने विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना 2024–25 के लिए निर्धारित बजट से पास हुए विकास कार्यों का ब्यौरा जारी किया है। विधायक ने कहा कि रोहतक के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिस भी योजना में जहां भी शहर के लिए कुछ संभव हो सकेगा, इसके लिए उनका पूरा प्रयास जारी है। बत्तरा ने कहा कि वर्ष 2023–24 की स्कीम का पूरा पैसा उन्होंने अपने शहर के विभिन्न कामों के लिए स्वीकृत करवाया है, जल्द ही टेंडर होंगे और कार्य शुरू होंगे।

### 124 .66 लाख के कार्यों को मंजूरी दिलवाई

बत्तरा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2024–25 की वेंगी स्कीम में 2 करोड़ की जगह एक करोड रुपए की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने इसमें से 124 .66 लाख के कार्यों को मंजूरी दिलवाई है। इस बारे में विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के सचिव द्वारा उन्हें पत्र क्रमांक नंबर 2025/26716-717 के तहत 13 जून 2025 को अवगत करवाया है। इसकी प्रतिलिपि जिला उपायुक्त एवं जिला विकास परिषद के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर को भी भेजी गई है। बत्तरा ने कहा कि 31 मार्च 2025 तक की सारी ग्रांट क्षेत्र के लिए मंजूर हो चुकी है। इन सभी के टेंडर जल्द जारी होंगे और कार्य शुरू होंगे। इन सभी कामों के एस्टीमेट पहले ही बन चुके हैं। अब स्वीकृति के बाद अंतिम प्रक्रिया शुरू होगी। बत्तरा ने कहा कि हरियाणा सरकार वर्ष 2025–26 की वेंगी स्कीम की नोटिफिकेशन जब भी जारी करेगी हम उस पर कार्य शुरू करेंगे। शहर के विकास के लिए कैसे उस राशि का सदुपयोग हो सकेगा यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अबकी बार स्कीम में दो करोड़ रुपए के कार्यों का प्रावधान किया गया है। विधायक भारत भूषण बत्तरा ने इसके तहत स्वीकृत हुए आठ कामों का विस्तृत ब्यौरा भी दिया।

### शहर के आठ बड़े कामों को मिली मंजूरी



विधायक भारत भूषण बत्तरा के प्रयासों से जो कार्य स्वीकृत हुए हैं उनमें कैलाश कॉलोनी की गली नंबर 4 में सीसी सड़क का निर्माण 19.23 लाख रुपए (2023-24) की लागत से होगा। इसी तरह जनता कॉलोनी स्थित फोगाट धर्मशाला वाली गली का निर्माण शामिल है। इसके निर्माण में 2.93 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसी तरह 43.45 लाख रुपए की लागत से नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सुभाष नगर की तीन गलियों का निर्माण होगा। उन्होंने बताया की 5.96 लाख रुपए की लागत से माल गोदाम और डेयरी कांप्लेक्स की गलियों का निर्माण होगा।

### श्री राम बाग भूमि के रिनोवेशन का कार्य होगा

बत्तरा के अनुसार 10.18 लाख रुपए की लागत से श्री राम बाग शमशान भूमि के रिनोवेशन का कार्य होगा। इसके साथ ही 10 लाख रुपए नगर निगम के अंतर्गत आने वाले श्री राम पार्क, जनता कॉलोनी के सौंदर्य करण पर खर्च होंगे। डीएलएफ स्थित पार्क में 6.21 लाख रुपए की लागत से फव्वारे का निर्माण किया जाएगा। वार्ड 14 के आदर्श नगर में गली नंबर 8 में सीसी सड़क का निर्माण 25. 90 लाख रुपए की लागत से होगा! उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों को पूरा करते हुए सम्पन्न होंगे, और जनता को इसका समुचित लाभ मिलेगा।



### सात दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

**रोहतक।** अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति रोहतक द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शनिवार को सुखपुरा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले समिति केंद्र में सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस समापन समारोह में रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने साधकों का उत्साहवर्धन किया। यह शिविर 8 जून से 14 जून तक प्रतिदिन प्रातःकालीन सत्रों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति द्वारा मुख्य अतिथि एवं योग शिक्षकों का फूल मालाओं व शॉल से सम्मान किया गया। योग गुरु हवा सिंह सैनी ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों व प्राणायाम की विधियों का अभ्यास करवाया। समिति ने जानकारी दी कि रविवार 15 जून को इसी स्थान पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर रोगियों की जांच कर मुफ्त दवाइयां वितरित करेंगे। इस अवसर पर समिति के प्रधान रामनारायण सैनी, महासचिव रामेश्वर सैनी, बुधराम, दीपक सैनी, राधेश्याम, रमेश जुनेजा, सुभाष भल्ला, सुदेश गांधी, उषा कोचर, डॉ. राजेश सैनी, केएल बजाज आदि मौजूद रहे।

### अनुसूचित जाति के बेरोजगारों के आर्थिक उत्थान के लिए मत्स्य पालन विभाग का विशेष अनुदानः डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट फैमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्पेशल कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता दी जा रही है। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मछली पालन के लिए पंचायती तालाब पट्ट्टे पर लेने के लिए प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर पचास हजार रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जाता है। वहीं द्वितीय एवं आगामी वर्षों की पट्टा राशि पर 40 प्रतिशत या अधिकतम 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अधिसूचित पानियों में से मछली पकड़ने के लिए ठेकेदारों को स्वीकृत बोली का 50 प्रतिशत अथवा 5 लाख रुपये अधिकतम सीमा तक रेहड़ी पर 60 हजार रुपये की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

## फैमिली कोर्ट में साल दर साल बढ़ते जा रहे संबंध विच्छेद के मुकदमे : डॉ. दीपक भारद्वाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**



**रोहतक।** एडवोकेट डॉ. दीपक भारद्वाज, अध्यक्ष– लीफ एवं पूर्व सचिव जिला बार एसोसिएशन रोहतक। *फोटो : हरिभूमि*

लीगल एंपावरमेंट एंड अवेयरनेस फॉर्म द्वारा शनिवार को एक गोष्ठी का आयोजन फैमिली कोर्ट में भारत में मुकदमों की बढ़ती हुई तादाद को देखते हुए जिला रोहतक के अधिवक्ताओं ने आयोजित किया। गोष्ठी में लीगल एंपावरमेंट एंड अवेयरनेस फॉर्म संस्था के अध्यक्ष डॉ दीपक भारद्वाज ने गोष्ठी में कहा कि भारत देश में जब से न्यायालय में फैमिली कोर्ट का गठन अलग से किया गया है, तब से यह देखा जा रहा है कि फैमिली कोर्ट में वैवाहिक जीवन से संबंधित जो मुकदमे कोर्ट में दायर होते हैं उनकी तादाद निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि आंकड़ों की बात करें तो पूरे भारत में इस समय लगभग 1000 फैमिली कोर्ट मुकदमों की सुनवाई कर रही हैं। जिसमें तलाक से संबंधित, घर बसाने से संबंधित, हर्ज खर्चे से संबंधित, गार्जियनशिप एक्ट से संबंधित मुकदमों के फैसलों के बाद या अंतरिम आदेश को देखते हुए उनकी एग्जीक्यूशन भी फैमिली कोर्ट में बढ़ती जा रही है। घरेलू हिंसा से संबंधित मुकदमों को भी देखा जाए जिन्हें फैमिली कोर्ट से अलग इलाका मजिस्ट्रेट को जिनकी सुनवाई का अधिकार है भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

## त्रिवेणी लगाने वालों को करेंगे सम्मानित : पूर्व मंत्री

- संगठन की शनिवार को आर्य समाज मंदिर शिवाजी कॉलोनी में हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**



**रोहतक।** आर्य समाज मंदिर शिवाजी कॉलोनी में मीटिंग लेते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा सरकार में पूर्व सहकारिता मंत्री रहे मनीष कुमार ग्रोवर द्वारा शुरू की गई एक नई सामाजिक मुहिम रंग लाने लगी है। अब तक इस मुहिम में सैकड़ो लोग जुड़ चुके हैं। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने पितरों की याद में 'पितरों की छांव' नाम से संगठन बनाया है, जो की नई पीढ़ी को पौधरोपण के लिए प्रेरित करेगा ताकि हर व्यक्ति अपने पूर्वजों से हमेशा जुड़ा रहे। अब तक जिन परिवारों ने अपने पूर्वजों की याद में त्रिवेणी लगाई है, उनके साथ 21 जून को शाम 6 बजे ओल्ड आईटीआई स्थित पार्क में कार्यक्रम किया जाएगा। शनिवार को शिवाजी कॉलोनी स्थित आर्य समाज मंदिर में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें संगठन प्रधान पूर्व मंत्री ग्रोवर, महासचिव आचार्य जितेंद्र और संगठन के कोषाध्यक्ष एडवोकेट अशोक पसरिजा सहित अन्य सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमो और अभी तक जुड़े परिवारों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि संगठन के सदस्यों ने जो जिम्मेदारी सौंपी थी, उसके लिए वार्ड अनुसार लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। अभी तक अनेकों परिवार इस अभियान में जुड़ चुके हैं। इस मुहिम को और अधिक प्रचारित करने के लिए 21 जून को ओल्ड आईटीआई स्थित पार्क में कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है ताकि जिन परिवारों ने अभी तक सहयोग किया है, उनकी हौसला अफजाई की जाए। साथ ही उन सदस्यों और अन्य सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों के माध्यम से इसका प्रचार किया जाए। इस मौके पर गगन, रमेश गुप्ता, पवन आहुजा, शान्ति लाल सिक्का, पंडित बलदेव जी शर्मा, ईश्वर सिंघल, गिरधारी लाल, वेद प्रकाश, विकास बंसल, पवनजीत , राजबीर बुधवार, अनिल कपूर , अमित गढ़ी सांपला , वीरेंद्र बालंद, प्रताप रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।



**महम।** स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### संगठन सृजन अभियान के तहत बी के हरिप्रसाद ने महम में ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**महम।** शनिवार को संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय महम में हरियाणा कांग्रेस पार्टी प्रभारी बीके हरिप्रसाद जी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। उनके साथ आए युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर बी वी श्रीनिवास,पर्यवेक्षक पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी भी बैठक में शामिल हुए। स्थानीय विधायक बलराम दांगी ने सभी नेताओं का महम पहुंचने पर स्वागत किया। इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठन निर्माण के लिए बातचीत की। नेताओं ने कहा कि हरियाणा में संगठन निर्माण की यह प्रक्रिया कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगी।

## रक्तदान से बचा सकते हैं जरूरतमंद लोगों की जानः डॉ रमेश चंद्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र ,डॉ आर के चौधरी व प्रधान डॉ एम जी वशिष्ठ। *फोटो : हरिभूमि*

एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया (ए एस आइ) के द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह के अंतर्गत आज पूरे देश में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया की रोहतक सिटी ब्रांच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय छोटू राम चौक पर किया गया। यह रक्तदान शिविर ए एस आई की रोहतक शाखा द्वारा हम और आप सामाजिक वेल्फेयर समिति रोहतक के सहयोग से लगाया गया। ए एस आई रोहतक सिटी ब्रांच के प्रधान डॉ एम जी वशिष्ठ, ए एस आई रोहतक के संरक्षक डॉ आर के चौधरी, ए एस आई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ आनंद राय बंसल, हम और आप वेल्फेयर समिति की और से गुलशन निझावन, चिराग बेरी व अन्य सदस्यों ने कैम्प के संचालन में पूरा योगदान दिया। इस शिविर में पी जी आई एम एस रोहतक के रक्तदान विभाग की टीम ने पूरी जांच के बाद 87 रक्तदाताओं का रक्त एकत्रित किया। इस शिविर में समाजसेवी राजेश जैन द्वारा चलाई जा रही वातानुकूलित रक्तदान बस प्रयोग की गई। रक्तदान शिविर में शामिल सभी रक्तदाताओं को सड़क यातायात सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए एक एक हेल्मेट भेट किया गया।



**रोहतक।** कार्यक्रम के मुख्य अथिति पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर का स्वागत करते पूर्व निगम पार्षद अशोक खुराना व एसएन जन वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### पौधे लगाकर मनाया विश्व रक्तदान दिवस

**रोहतक।** एसएन जन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सुभाष नगर स्थित पार्क, सुभाष नगर में पौधे लगाकर विश्व रक्तदान दिवस मनाया गया। इस कार्य का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अथिति पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व निगम पार्षद अशोक खुराना द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इसके बाद एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने व्यक्तिगत रूप से पौधे लगाते हुए खुद रखरखाव का भी निर्णय लिया। मनीष ग्रोवर ने स्वच्छता अभियान को जारी रखने और रोहतक शहर को नंबर वन क्लीन सिटी बनाने के लिए आग्रह किया और अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अशोक खुराना ने संगठन की तारीफ करते हुए कहा कि सुभाष नगर के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए यह संगठन मेहनत और लगन से काम कर रहा है। संगठन के प्रधान जतिन बत्तरा ने बताया कि यह दिन उन स्वैच्छिक और अवैतनिक रक्तदाताओं को समर्पित होता है जो अपने रक्तदान के माध्यम से अनगिनत जीवन बचाते हैं।

## रक्तदान के साथ अंगदान जागरूकता के लिए आगे आएं समाजसेवी संस्थाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**



**रोहतक।** कार्यक्रम में समाज सेवी संस्थाओ को सम्मानित करते कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल,निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल व ब्लड बैंक विभाग अध्यक्ष डॉक्टर गजेंद्र।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के ब्लड बैंक विभाग द्वारा शनिवार को चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में विश्व रक्तदाता दिवस को काफी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल उपस्थित हुए। इस अवसर पर आमजन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने कहा कि वे पूरे प्रदेश में रक्तदान कैंप आयोजित करने वाली समाजसेवी संस्थाओं और रक्तदाताओं का तहे दिल से धन्यवाद व्यक्त करते हैं जो निस्वार्थ भाव से लोगों की जान बचाने का महान कार्य कर रहे हैं। डॉ अग्रवाल ने कहा कि हमें रक्तदान के साथ-साथ अंगदान के लिए भी समाज में जागरूकता पैदा करनी होगी , इसके लिए समाजसेवी संस्थाएं अग्रणीय भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अंगों के अभाव में मरने वालों की संख्या लाखों में है ऐसे में यदि हम जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत अंगदान की मुहिम चलाएंगे तो उससे लाखों लोगों को नया जीवन दान देने में भी हम अहम भूमिका निभा सकते हैं। डॉ अग्रवाल ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम के लिए ब्लड बैंक विभाग अध्यक्ष डॉक्टर गजेंद्र व उनकी टीम बधाई की पात्र हैं जिन्होंने इतना अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया है और समाज सेवी संस्थाओ को सम्मानित किया है ताकि उनका हौसला बढ़े और वे और अधिक जोश के साथ भविष्य में रक्तदान शिविर आयोजित करें। निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता आई है जिसके लिए वह सभी को नमन करते हैं।

### तेज धूप में घर से न निकलने की दी सलाह

## शरीर को झुलसाने वाली गर्मी और लू से बचाव की एडवाइजरी को अपनाएं जिलावासी : डीसी

- जंक फूड का सेवन न करके घर में बना खाना खाए
- तेज धूप घर के अंदर ही रहे अगर जरूरी काम है तो सिर पर कपड़ा रखकर ही निकलें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोडक़र न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं।

### कमजोर व्यक्तियों की ज्यादा देखभाल करें



बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

### अपने जानवरों का हीट वेव से कैसे बचाव करें

जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो तभी लेकर बाहर निकलें।

# पीजीआई के आउट्सोर्स कर्मचारियों के धरने पर पहुंच सांसद हुड्डा ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कांग्रेस के सांसद दीपेन्द्र हुड्डा पीजीआईएमएस में अपनी जायज मांगों के लिए धरनारत आउट्सोर्स कर्मचारियों के धरने पर पहुंचे और उनकी मांगों को जायज बताते हुए उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत बातचीत के माध्यम से कर्मचारियों की मांगों को मंजूर कर समाधान कराए। सरकार पीजीआई कर्मचारियों को अकेला न समझे। कांग्रेस पार्टी इनकी आवाज सड़क से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक मजबूती से उठाएगी।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि एचकेआरएन पॉलिसी के तहत लगे सभी कर्मचारियों को पोर्टल पर चढ़ाया जाए, जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी किया जाए। प्रशासन में ठेकेदार द्वारा वेतन बढ़ोत्तरी, एरियर, हटाये गये कर्मचारियों को दोबारा लगाया जाए, पीजीआई घोटाले के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जांच करायी जाए। दीपेंद्र हुड्डा के साथ धरने पर विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक, विधायक इंदुराज नरवाल, विधायक बलराम दांगी भी मौजूद रहे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि चुनाव के समय जब कांग्रेस पार्टी ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर एचकेआरएन कर्मियों को न सिर्फ पक्का किया जाएगा बल्कि आगे होने वाली भर्तियों में कच्ची नहीं पक्की भर्ती की जाएगी। लेकिन, दुष्प्रचार में माहिर सत्ता पक्ष ने एचकेआरएन कर्मियों को गुमराह कर दिया और सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार ने एचकेआरएन कर्मचारियों को पक्का तो किया नहीं उलटे उनको नौकरी से हटाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जिला विकास निगरानी समिति 'दिशा' बैठक में पीजीआई में हुए नियुक्ति घोटाले की जांच कराने का मुद्दा उठाया था।

**इन योजनाओं को भाजपा ने नहीं किया पूरा:** हुड्डा सांसद ने कहा कि बीजेपी ने चुनाव के समय महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2100 देने, किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदने, 2 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी, 5 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, हर घर गृहणी योजना तहत 500 में सिलेंडर देने जैसे तमाम वादे किये लेकिन अब तक उन पर अमल नहीं किया। बीजेपी जनता से झूठे वादे करने वाली पार्टी है।



रोहतक। पीजीआई में चल रहे धरने का समर्थन करते कांग्रेस के सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक, विधायक इंदुराज नरवाल व विधायक बलराम दांगी।

■ सरकार पीजीआई कर्मचारियों को अकेला न समझे, कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से इनके हक की आवाज उठायेगी : दीपेन्द्र हुड्डा

## खबर संक्षेप



### सुभाष नगर में मीठे पानी की छबील लगाई

**रोहतक।** सुभाष नगर में मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान राजीव गोयल, बाबू नन्द, गौरव, बलजीत, पीयूष गौड़, शिवप्रसाद, अशोक मिनोचा, समाजसेवी जसबीर कुमार, प्रवीन सहगल, राजेश मलिक ने राहगीरों को सेवा भाव से मीठा पानी पिलाते हुए कहा कि तपती दोपहर को पानी पिलाना पुण्य सेवा है। उन्होंने विमान त्रासदी में जान गंवाने वाले नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### योगा आश्रम में एक्यूप्रेशर उपचार शिविर आज

**रोहतक।** स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रविवार को गोहाना अड्डा योगा आश्रम के सहयोग से शहीद मदन लाल धींगड़ा प्रशिक्षण केंद्र में सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र करेंगे। निगम पार्षद कपिल नागपाल और भाजपा नेता हैप्पी अनेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि शिविर में सभी प्रकार के जोड़ दर्द, सर्वाइकल, रीढ़ की हड्डी की डिस्क संबंधी समस्याएं, घुटनों के दर्द जैसी समस्याओं का बिना दवा के इलाज एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से किया जाएगा। यह कैंप विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी होगा जो लंबे समय से इन बीमारियों से परेशान हैं और दवा-मुक्त उपचार की तलाश में हैं। शिविर में फैमिली आईडी, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल फोन नंबर लाना अनिवार्य है।

### मदीना कोरसान गांव से युवक लापता, केस दर्ज

**महम।** मदीना कोरसान गांव से एक युवक लापता हो गया। इस संबंध में युवक के भाई ने बहु अकबरपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में मदीना कोरसान गांव निवासी मोहित पुत्र आनंद ने बताया कि वे तीन भाई हैं। वह बीच का है, सबसे बड़ा विशाल है और सबसे छोटा रोहित है। 9 जून को उसका भाई विशाल (36 वर्ष) सुबह खाटू श्याम जाने के लिए घर पर बोलकर गया था। वह अब तक घर नहीं लौटा है। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिजनों ने अपने तौर पर रिश्तेदारों व जानकारों के यहां पूछताछ कर ली है। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला है। मोहित ने पुलिस से कहा है कि उसके भाई की तलाश की जाए। पुलिस ने इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# कलानौर में ड्रग कंट्रोलर और पुलिस का छापा, शराब व प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कस्बा कलानौर में स्थित एक मकान पर ड्रंग कंट्रोलर और पुलिस की टीम ने छापेमारी की। मकान के दो अलग अलग हिस्सों से प्रतिबंधित दवाएं और अवैध शराब काफी तादाद में बरामद हुई। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका पुराना रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। वहीं कस्बे में ड्रग कंट्रोलर की दस्तक के बाद अन्य नशा तस्करों में भी भय का माहौल बना हुआ है। आने वाले दिनों में अन्य कई जगह रेड हो सकती है।

जानकारी के अनुसार, कलानौर पुलिस की टीम पुराना बस अड्डा पर मौजूद थी। इस दौरान सूचना मिली कि राजेश निवासी नया बस स्टैण्ड के पास कलानौर नशीली प्रतिबन्धित दवाईयां व अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त रहता है। जो अपने रिहायशी मकान में काफी मात्रा में प्रतिबन्धित नशीली दवाईयां व अवैध शराब रखता है। अगर इस समय रेड की जाए तो सामान बरामद हो सकता है। वह काफी समय से प्रतिबंधित सामान बेच रहा है। पुलिस ने ड्रग कन्ट्रोलर मन्दीप मान व अमित आबकारी निरीक्षक रोहतक की टीम के साथ मकान पर रेड की। इसके बाद पुलिस ने राजेश के मकान का मैन गेट खुलवाया गया। मकान का गेट खोलने वाले का नाम पता पूछा तो उसने अपना राजेश बताया। पुलिस ने बताया कि उनके मकान की तलाशी ली जाएगी। इसके लिए उसे अधिकारियों के आदेश से अवगत करवाया गया। टीम ने मकान के अलग अलग हिस्सों की तलाशी के लिए प्रक्रिया शुरू की।

**ये सामान बरामद:** पुलिस ने इस दौरान पूरे मकान को खंगाला। मौके से 23 अध्धे शराब सहित अलग अलग ब्रांड की कुल 58 बोतल शराब व 24 बोतल बियर बरामद हुई। इसके बाद मकान के प्रथम तल पर बने कमरे की तलाशी लेने पर कमरे के अंदर से पेटी में रखी 149 शीशी प्रतिबंधित दवाई की मिली। पुलिस ने आरोपी से लाइसेंस की मांग की तो उसके पास कोई कागजात नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।





रोहतक। छापेमारी के दौरान मौके पर जांच करते मंदीप मान, ड्रग कंट्रोलर व पुलिस अधिकारी और बरामद प्रतिबंधित दवाएं व अवैध शराब। फोटो : हरिभूमि



### दिल्ली से कलानौर में बेचने लाया था नशीले पदार्थ

कलानौर में एक मकान पर रेड की गई है। जहां से अंग्रेजी शराब सहित प्रतिबंधित कोडिन सिरप की 149 शीशी बरामद हुई हैं। दवा बरामद कर कार्रवाई की गई है। आरोपी दिल्ली से नशीला पदार्थ खरीद कर कलानौर में नशेड़ियों को बेचने के लिए लाता था। कलानौर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

**-मंदीप मान,** ड्रग कंट्रोलर, रोहतक



रोहतक। पौधरोपण करते एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य। फोटो : हरिभूमि

### पीएम मोदी ने सशक्त व आत्मनिर्भर भारत तैयार किया : लाल सिंह आर्य

**रोहतक।** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने और पौधारोपण अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय मंगल कमल में भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला में एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली भी शामिल हुए। लाल सिंह आर्य और मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को चल रहे अभियानों के बारे में बताया। लाल सिंह आर्य ने इस मौके पर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस को संविधान की हत्यारी कहा। उन्होंने पार्टी कार्यालय में पौधरोपण कर कार्यकर्ताओं को एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान भी किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने मोदी सरकार के 11 सालों की उपलब्धियां को ऐतिहासिक बताया। कार्यशाला में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, एसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, प्रदेश मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, कार्यशाला के संयोजक जवाहर सैनी, सभी पांचों सह-संयोजक नागेन्द्र शर्मा, अभिमन्यु यादव, जसबीर दोदवा, चरणसिंह तेवतिया, निताशा सिहाग, सभी जिलों के संयोजक एवं सह-संयोजक दिन भर चली कार्यशाला में मौजूद रहे। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि 11 सालों में सड़कों का जाल बिछा है। रेलवे नेटवर्क में विस्तार हुआ है।

## ममता का आंचल... ऐसी छांव और कहां



रोहतक। चिलचिलाती धूप में ममता की छांव — एक मां अपने बच्चों को सूरज की तेज किरणों से बचाते हुए रास्ते पर चल रही है, सच्चे संरक्षण और स्नेह का अनमोल दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# खरावड़ के पास कंटेनर ने जैन मुनि अभिषेक महाराज और एक श्रद्धालु को मारी टक्कर, श्रद्धालु की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खरावड़ के पास एक कंटेनर ने दिल्ली की तरफ पद विहार पर निकले जैन मुनि अभिषेक महाराज और उनके साथ मौजूद एक श्रद्धालु को टक्कर मार दी। हादसे के बाद जैन मुनि और उनके श्रद्धालु को पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। जहां पर जैन मुनि का उपचार चल रहा है। वहीं, उनके साथ चल रहे श्रद्धालु की मौत हो गई।

इसकी सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान गांव पहरावर निवासी लगभग 45 वर्षीय राकेश के रूप में हुई, जबकि घायल जैन मुनि अभिषेक महाराज हैं। जैन मुनि पैदल दिल्ली जा रहे थे, जिनके साथ कुछ श्रद्धालु भी थे। जो उन्हें कुछ दूरी तक छोड़ने के लिए गए थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया, जिसमें राकेश की मौत हो गई। सड़क हादसे का शिकार हुए राकेश के शव को पीजीआई के डेड हाउस में भेजा गया, जबकि जैन मुनि अभिषेक महाराज को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जैन मुनि की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, मृतक के परिजनों की शिकायत पर कंटेनर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



मृतक का फाइल फोटो



### मिली थी हादसे की सूचना

खरावड़ चौकी के पास एक सड़क हादसे की सूचना मिली थी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि जैन मुनि गंभीर रूप से घायल हो गए। जैन मुनि को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, वहीं कंटेनर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**-पंकज कुमार,** थाना प्रभारी, आईएमटी

### सीईटी बना युवाओं के लिए परेशानी का सबब : सैनी

**रोहतक।** जजपा बैकवर्ड मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा बेरोजगार युवाओं को सेट सीईटी के माध्यम से रोजगार देने का प्रदेश सरकार का दावा परेशानी का सबब बन गया। जब से सीईटी के फार्म भरने शुरू हुए और अंतिम तिथि तक बैकवर्ड समाज के युवा अपना जाति प्रमाण पत्र नहीं बनवा सके। युवा ना तो फार्म दिन में भर सके न ही रात को बहुत से युवा तो रातों में सो नहीं पाए क्योंकि फार्म भरना था। यह जाति प्रमाण पत्र किसी दंगल से कम नहीं सीएससी सेंटरों पर चक्कर काट-काट कर युवाओं का गर्मी में बुरा हाल हो रहा है। कम से कम बीसी और एससी समाज के लगभग 50 हजार बच्चे फार्म भरने से वंचित रह गए। बहुत से बैकवर्ड समाज के युवाओं को जनरल कैटेगरी में फार्म भरना पड़ा। सरकार को चाहिए कि वह सीईटी फार्म भरने की तारीख बढ़ाए व जाति प्रमाण पत्र आसानी से बन सके ऐसी व्यवस्था की जाए। जजपा बैकवर्ड मोर्चे के अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही शिष्ट मंडल आयोग से मिलेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**प्रशिक्षण** 94 स्काउट मास्टर व कब मास्टर कर रहे भागीदारी

# देशसेवा और प्रकृति से जुड़ने का माध्यम है स्काउटिंग : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्य ट्रेनिंग सेंटर, तारा देवी (शिमला) में चल रहे स्काउट मास्टर व कब मास्टर के बेसिक, एडवांस और नेचर स्टडी कोर्स फॉर स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रशिक्षण शिविर में बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या अंजू बाला भी मौजूद रहीं।

कुलपति डॉ. वर्मा ने कहा कि स्काउटिंग केवल एक शौक नहीं, बल्कि यह सेवा, अनुशासन और आत्मनिर्माण का मार्ग है। यह आंदोलन राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, जो युवाओं में समर्पण, संयम और स्वाभिमान की भावना जाग्रत करता है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग से जुड़कर व्यक्ति न केवल प्रकृति से जुड़ता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए अपने कर्तव्यों को समझने और निभाने का अवसर भी प्राप्त करता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि वे स्वयं भी स्काउटिंग के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएंगे और एक उत्तरदायी नागरिक के रूप में समाज को दिशा देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कैंप में आयोजित 'कैंप फायर' कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसमें प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक प्रस्तुतियां उनकी अद्भुत प्रतिभा को दर्शाती हैं, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। यह प्रशिक्षण शिविर 12 जून से 18 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्यभर से लगभग 94 स्काउट मास्टर व कब मास्टर प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतिभागियों को बेसिक, एडवांस और नेचर स्टडी जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से स्काउटिंग के उच्च मूल्यों, व्यवहारिक प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास, और प्रकृति से सामंजस्य का शिक्षण दिया जा रहा है।राज्य प्रशिक्षण आयुक्त व कैंप लीडर एलएस वर्मा ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वर्मा एवं अंजू बाला का स्कार्फ व हिमाचली टोपी पहनाकर हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे उच्च शिक्षाविदों की उपस्थिति शिविर के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और इससे प्रतिभागियों में उत्साह की नई ऊर्जा का संचार होता है।

**दक्ष और प्रतिबद्ध स्काउटर बनने के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण:** राज्य के वरिष्ठ प्रशिक्षकगण एएसओसी गुरचरण सिंह, डॉ. भूप सिंह, डॉ. राजेंद्र कुमार एवं प्री-एएलटी सुरेश कुमार भी शिविर संचालन में सक्रिय रूप से मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को दक्ष और प्रतिबद्ध स्काउटर बनने की दिशा में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कुलपति डॉ. वर्मा ने बताया कि उनके विचारों ने स्काउटिंग को जीवन में एक उद्देश्य के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी है। कुलपति के जीवन मूल्य और स्काउटिंग के सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने सभी को गहराई से प्रभावित किया।



रोहतक। स्काउट व प्रशिक्षकों के साथ बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, रोहतक के कुलपति प्रो. (डॉ.) एच.एल. वर्मा। फोटो : हरिभूमि

# विश्व रक्तदाता दिवस : रक्तदाताओं के प्रति आभार का पवित्र त्योहार: डॉ. सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आरपी एजुकेशन सोसायटी रोहतक, आईएसबीटीआई हरियाणा, श्री साईं वेलफेयर सोसाइटी व सीएसई आरके संयुक्त तत्वाधान में 'रक्तदान करें, आशा जगायें, एक दूसरे के साथ मिलकर हम जीवन बचायें' विषय पर 'विश्व रक्तदाता दिवस' का सफलतापूर्वक आयोजन वेबिनार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार रहे। उन्होंने कहा कि ये दुनिया के सभी रक्तदाताओं का पवित्र त्योहार है और उन सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करने का एक सुनहरा अवसर है।

कार्यक्रम का आगाज जय रक्तदाता स्लोगन के नारे के साथ हुआ, विश्व रक्तदाता दिवस पूरी मानवता को समर्पित करने का एक संकल्प भी देता है। डॉ. सुनील ने बताया कि अभी भी जो रक्त की मांग एवं स्वैच्छिक रक्तदान का अंतर है उसकों दूर करने के प्रयास करने होंगे। आरपी एजुकेशन सोसायटी के निदेशक व आईएसबीटीआई हरियाणा के समन्वयक डॉ. सतीश कुंडू ने रक्तदान से संबंधित आंकड़ो, प्रयासों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. सतीश कुंडू ने बताया कि यह दिवस नोबेल पुरुस्कार विजेता कार्ल लैंड्सटीनेर के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। सेंटर फॉर सोशल एंड एजुकेशनल रिसर्च के महासचिव श्रीभगवान पहल ने आह्वान किया कि रक्त की कमी को पूरा करने के लिए लगातार रक्तदान के शिविर आयोजन होने चाहिए। श्री साईं वेलफेयर सोसाइटी जींद की परियोजना प्रबंधक ज्योति ने कहा कि अनीमिया की रोकथाम के प्रयास भी व्यक्तिगत स्तर पर होने चाहिए ताकि रक्त की जरुरत कम पड़े व सभी रक्तदान करने के योग्य हो। पंजाब अमृतसर से परियोजना प्रबंधक बलविंदर कौर ने अपने क्षेत्र के अनुभव साझा करते हुए अपने प्रथम रक्तदान के आनंद अनुभूति पर प्रकाश डालते हुए सभी से रक्तदान की अपील की। कार्यक्रम का समापन भाषण प्रोफेसर जितेंद्र प्रसाद ने देते हुए बताया कि जब युवा शक्ति व एनजीओ एकजुट होकर बीड़ा उठा लेती हैं तो वो दिन दूर नहीं जब शुद्ध रक्त मरीज की इंतज़ार करेगा।

कार्यक्रम में अन्य ने भी अपने बहुमूल्य विचार रखे जिनमे प्रमुख रूप सुमन, वर्षा, लक्ष्यदीप, पंजाब अमृतसर से गगन, भूपेंद्र कौर, अमीन ख़ान व अम्बाला से पवन, रोहित, सोनिया, तुषार, हेमा आदि मौजूद रहे।

